SWITCH TO A BETTER WORLD

# शताब्दी गौरव

cello

वर्ष: 27 | अंक: 07 | पृष्ठ: 32 | मूल्य: ₹3    मुंबई | पाक्षिक | 16-31 मई, 2025    संपादक: सिद्धराज लोढ़ा




LUXURIOUS LIVING
HAS A NEW ADDRESS!

SPACIOUS 2 & 3 BHK HOMES

SCAN ME


Jain Derasar


Infinity Pool


Children Play Area


Mini Theatre

EXPERIENCE CENTER & KING SIZE SHOW FLAT READY

SITE ADDRESS:
PLOT NO.7, DR.SS.RAO ROAD, NEXT TO HILLA TOWER, LALBAUG, MUMBAI 400012.
T: +91 90761 30558 / 74001 52339 / 022 2267 1687 / 2267 1746

ONLY A FEW FLATS LEFT – DON'T MISS YOUR DREAM HOME

Disclaimer: Images shown and mentioned herein are an artist's impression for promotional purposes only. Please do not make your decision to purchase flats in the project on the basis of this information alone. If decisions are made on the basis of this information and you suffer any loss or damages, the eveloper/Promoter or any of its employees should not be made liable for damages.

RERAReg.No.- P51900034493
RERAWebsite:
https://maharera.mahaonline.gov.in
Project financed by
IndusInd Bank



GM
SWITCH TO A BETTER WORLD
TIMELESS APPEARANCE, CLASSIC PERFORMANCE
A name that says it all — Monarch. This ceiling fan is the perfect blend of luxury and performance. Powered by a high-grade motor and aerodynamically designed blades, it delivers powerful, efficient airflow. Its high-gloss metallic finish in vibrant Red, Blue, and Grey not only ensures superior function but also adds a bold, stylish touch to your home.
MONARCH
CEILING FAN
WITH EXTRA COPPER
DOUBLE BALL BEARING
36 MONTHS WARRANTY
ENERGY EFFICIENT
ANTI DUST
NOW AVAILABLE ON
amazon
Modular Switches • Touch Switches • Wi-Fi Switches • Home Automation Solutions • Bluetooth Music System
Video Door Phones • LED Lighting • Wires & Cables • PVC Pipes & Fittings • DBs, MCBs & RCCBs • Fans & Appliances
www.gmmodular.com | info@gmmodular.com

शताब्दी गौरव

■ वर्ष: 27 | अंक: 07 | पृष्ठ: 32 | मूल्य: ₹3 ■ मुंबई | पाक्षिक | 16-31 मई, 2025 ■ संपादक: सिद्धराज लोढ़ा




# गहलोत और वसुंधरा की राह पर भजनलाल

## प्रवासी राजस्थानी समाज में अपनी जगह मजबूत कर रहे है राजस्थान के सीएम


सिद्धराज लोढ़ा

**शताब्दी गौरव**

मुंबई। राजस्थान में भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में न केवल प्रादेशिक राजनीति, प्रशासन और पुलिस व्यवस्था में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है, बल्कि सत्ता में नये-नये होने के बावजूद देशभर के प्रवासी राजस्थानी समाज में भी वे अपनी लोकप्रियता को अभूतपूर्व स्तर पर ले गए हैं। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के प्रवासियों के बीच व्यक्तिगत संबंध स्थापित करने की भजनलाल शर्मा की कोशिशों से वे अपने पूर्ववर्ती मुख्यमंत्रियों, भैरोंसिंह शेखावत, अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे जैसे दिग्गज नेताओं के समकक्ष जगह बनाने की तैयारी में है।

देश के उपराष्ट्रपति रहे स्व. भैरोंसिंह शेखावत का अपने मुख्यमंत्री काल में प्रवासी राजस्थानियों में विशेष सम्मान एवं स्थान रहा है। उनकी नीतियों और व्यक्तिगत जुड़ाव ने उन्हें प्रवासियों का प्रिय नेता बनाया। वहीं, अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे ने भी अपने कार्यकाल और उसके बाद सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से प्रवासियों के साथ गहरा रिश्ता कायम रखा। गहलोत का विभिन्न सामाजिक संगठनों के जरिए प्रवासियों से जुड़ाव और राजे की प्रभावी छवि ने उन्हें लंबे समय तक लोकप्रिय बनाए रखा। अशोक गहलोत एवं वसुंधरा राजे का मुंबई सहित देशभर के प्रवासियों में अब भी वहीं सम्मान है जो पद पर रहते हुए उन्हें मिला है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हालांकि अपने पद पर आने के वर्ष भर बाद प्रवासियों में सक्रिय हुये, क्योंकि उन्होंने अपने कार्यकाल की शुरुआत में प्रशासनिक सुधारों और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया। इसके बाद उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों के बीच अपनी उपस्थिति को मजबूत करने की रणनीति अपनाई। राजनीतिक निरंजन परिहार कहते कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनावों के दौरान शर्मा ने मुंबई और महाराष्ट्र के प्रवासी राजस्थानियों के बीच जबरदस्त सक्रियता दिखाई, जिससे मुंबई के हर वर्ग के प्रवासियों में मुख्यमंत्री शर्मा की छवि को और बल मिला। परिहार कहते है कि राजस्थान में भजनलाल शर्मा जिस भरतपुर इलाके के हैं, वहां के लोग मुंबई में बहुत कम हैं। लेकिन फिर भी मारवाड़, शेखावटी, मेवाड़ और हाडौती के इलाके के प्रवासियों में उनका संपर्क बढ़ा है। मुंबई में हाल ही में राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन के एक कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी ने प्रवासियों के बीच उनके प्रति विश्वास को और गहरा किया। इस दौरान उन्होंने सेलो ग्रुप के चेयरमेन प्रदीप राठौड एवं नाहर ग्रुप के चेयरमेन सुखराज नाहर के नेतृत्व में उद्योगपतियों, उद्यमियों और व्यवसायियों से मुलाकात कर राजस्थान के आर्थिक विकास में उनकी भागीदारी को पहले से ज्यादा बढ़ावा देने की पहल की।


भजनलाल शर्मा


अशोक गहलोत


वसुंधरा राजे

उल्लेखनीय है कि राजस्थानी वेलफेयर एसोसिएशन प्रवासियों की चार दशक से सक्रिय संस्था है एवं उसकी कमान प्रदीप राठौड एवं सुखराज नाहर के हाथ है। ताजा दौर में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की यह सक्रियता और प्रवासियों के साथ व्यक्तिगत स्तर पर जुड़ाव उनकी लोकप्रियता का प्रमुख कारण बन रहा है। उनकी नीतियां, सामाजिक समावेश और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण न केवल राजस्थान के निवासियों, बल्कि प्रवासी समाज के लिए भी प्रेरणादायक साबित हो रहे हैं। इस तरह, वे नई ऊर्जा और उत्साह के साथ राजस्थान की राजनीति और समाज में अपनी अमिट छाप छोड़ रहे हैं।







# कांग्रेस में गहलोत की वरिष्ठता बरकारार



**शताब्दी गौरव**

मुंबई। पाकिस्तान युद्ध विराम के साथ ही यह साबित हो गया हैं कि राजस्थान के पूर्व मख्यमंत्री अशोक गहलोत पर आलाकमान का विश्वास बना हुआ हैं। भारत - पाकिस्तान युद्ध विराम के मामले में सरकार पर सवाल खड़े करने के मामले में कांग्रेस ने अपने दिग्गज नेता, तीन बार मुख्यमंत्री और तीन प्रधानमंत्रियों के साथ केंद्र में मंत्री रहे अशोक गहलोत को आगे करके कांग्रेस ने, केंद्र सरकार पर तो सफलतम प्रहार किया ही, साथ ही पार्टी में गहलोत की वरिष्ठता और राजनीतिक हैसियत का भी राजनीतिक संदेश दिया। कांग्रेस में अशोक गहलोत के अलावा किसी भी अन्य नेता का राजनीतिक कद इतना बड़ा नहीं था कि उसके कहे को देश गंभीरता से ले और ट्रंप के भारत पाकिस्तान की पंचायती का ठेकेदार बनने में नरेंद्र मोदी को कठघरे में खड़ा माने। कांग्रेस ने गहलोत को युद्धविराम जैसे संवेदनशील मुद्दे पर सवाल उठाने के लिए आगे करके एक सोची-समझी रणनीति अपनाई।



# जीतो टाउन रिप्रेजेंटेटिव (JTR) को मिला स्वतंत्र वर्टीकल का दर्जा

## छोटे शहरों से वैश्विक मंच तक जीतो की अनूठी पहल

जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) की मैनेजमेंट कमेटी ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए जीतो टाउन रिप्रेजेंटेटिव (JTR) को एक स्वतंत्र वर्टीकल के रूप में मान्यता प्रदान की है। यह निर्णय न केवल जीतो की समावेशी सोच को दर्शाता है, बल्कि टायर 2 और टायर 3 शहरों, कस्बों एवं गांवों में बसे जैन समाज को जीतो की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के संस्थापक जीतो एपेक्स वाइस प्रेसिडेंट कमलेश सोजतिया हैं, जिनके नेतृत्व में जेटीआर एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। उनके साथ शरद पानोत और अशोक मेहता ने भी सक्रिय और प्रेरणादायी भूमिका निभाई है, जिससे इस अभियान को गति और दिशा मिली।

**जेटीआर और जेबीएन का समन्वय - छोटे शहरों में बड़े अवसर :**

जेटीआर के माध्यम से जहां छोटे शहरों तक पहुंच सुनिश्चित की जा रही है, वहीं जीतो बिज़नेस नेटवर्क के सहयोग से व्यापारिक अवसरों का विस्तार हो रहा है। यह संयोजन छोटे शहरों में बड़े अवसरों की शुरुआत का प्रतीक बन चुका है।

**जेटीआर + जेबीएन ग्रामीण भारत में जीतो की नई चेतना**

**जेटीआर के प्रमुख उद्देश्य और प्रभाव: लघु व्यवसायों को बढ़ावा देना:** स्थानीय उद्यमियों और व्यापारियों को व्यापक नेटवर्क से जोड़कर व्यापारिक अवसर प्रदान करना। **कौशल विकास द्वारा सक्षम कार्य बल का निर्माण:** युवाओं और प्रोफेशनल्स के लिए स्किल डेवेलपमेंट प्रोग्राम आयोजित करना। **ज्ञान-विनिमय को प्रोत्साहन:** वे बिनार्स, कार्यशालाओं और मेंटरशिप सत्रों के माध्यम से अनुभव और विशेषज्ञता साझा करना। **शिक्षा से नेतृत्व निर्माण:** जीतो की शैक्षणिक पहलों में



कमलेश सोजतिया
वाइस प्रेसिडेंट-जीतो एपेक्स

भागीदारी को बढ़ावा देना, जिससे छात्र और नवोदित उद्यमी लाभान्वित हो सकें। **सेवा-भावना का विकास:** सेवा के मूल्यों को बढ़ावा देते हुए स्थानीय समुदायों को जीतो की सामाजिक पहलों से जोड़ना।

**जमीन पर दिख रहा असर :** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जेटीआर द्वारा स्थापित ढांचे का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। हाल ही में जिन गांवों में जेटीआर इकाइयाँ बनीं, वहाँ 5 युवाओं का चयन जेएटीएफ के माध्यम से IAS में हुआ। सैकड़ों विद्यार्थियों को JEAP (Education Loan Program) के तहत उच्च शिक्षा हेतु सहायता मिली। इसके अतिरिक्त, जीतो जॉब्स, श्रमण आरोग्यम, मेट्रोमोनी, जेआईआईएफ (इनक्युबेशन एंड इनोवेशन) एवं जीतो स्पोर्ट्स जैसे प्रोजेक्ट्स का लाभ भी अब ग्रामीण जैन समाज तक पहुंच रहा है।

**जेटीआर का लक्ष्य (दिसंबर 2025 तक) :** जेटीआर का लक्ष्य दिसंबर 2025 तक 400 से अधिक शहरों में 1000 से अधिक जेटीआर इकाइयाँ स्थापित करने का है, जबकि वर्तमान में हम 184 शहरों में 404 जेटीआर इकाइयों के साथ सक्रिय हैं।

**भविष्य की योजना: हर गांव तक जेटीआर**

कमलेश सोजतिया बताते हैं कि जहां भी जैन समाज के 50 या उससे अधिक परिवार हों, वहां जेटीआर की इकाई स्थापित की जाएगी। प्रत्येक इकाई में कम से कम दो युवा और एक महिला सदस्य होंगे, जिससे समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

जीतो अब 75 चैप्टर्स और 9 जोनों के माध्यम से देशभर में 1000 नए स्थानों पर जेटीआर इकाइयों की स्थापना की योजना बना रहा है। **'जेटीआर करुणा से समृद्धि की ओर'** जेटीआर की इस ऐतिहासिक पहल के पीछे विचार है करुणा से समृद्धि। इसका उद्देश्य हर जैन नागरिक को आत्मनिर्भर बनाना, ज्ञान के अवसर उपलब्ध कराना और समुदाय में एकजुटता को बढ़ाना है।

जीतो एपेक्स वाइस प्रेसिडेंट कमलेश सोजतिया कहते हैं जेटीआर समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने का माध्यम है यह केवल एक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक परिवर्तन की लहर है। जेटीआर और जेबीएन के इस संगम ने साबित कर दिया है कि जब सोच व्यापक हो और दृष्टि स्पष्ट, तो छोटे शहरों में भी बड़े सपने साकार हो सकते हैं। जीतो का यह प्रयास ग्रामीण भारत में जैन समाज के लिए एक नए युग की शुरुआत है।

Punit Surana

Associated with leading developers
- Avighna
- Lodha
- Kalpataru
- Gundecha
- Wadhva

Tie ups
- Home Loans
- Documentation
- Leasing

McCOM Property Consultatnts
MahaRERA Regn.No.:A51900007621
Residential - Commercial & Warehousing

Shop# 20, 1st Floor, Avighna IX, Opp. Ganesh Gally, Dr. B.A. Road, Lalbaug, Mumbai - 400 012
Tel.: (022) 24710819 Email: mipl.punit@gmail.com


RUNWAL
ENTERPRISES
SINCE 1978
MahaRERA Registration No.
Tower 1 - PR1170002400011
Tower 2 - P51900079270
www.maharera.mahaonline.gov.in.
IT'S NOT JUST
EXTRASPACIOUS.
IT'S EXTRAGRACIOUS.
*ACTUAL IMAGE OF SHOW FLAT.
PRESENTING
3 BHKS WITH EXTRAPRIVATE DECKS
STARTING ₹ 6.76 CR*
BOOK NOW TO AVAIL OF OUR EXCLUSIVE
20:20:60
FESTIVE PAYMENT PLAN
ONLY FOR LIMITED 20 UNITS.
7 MAHALAXMI
LIVE EXTRAORDINAIRE.
At the junction of N. M. Joshi Marg & Sane Guruji Marg
A grand clubhouse of about 65,000 sq. ft. & ~1.5 acres of podium amenities
Exceptional 11 ft. clear height floor to ceiling
Construction in full swing
Shreepati Group
Reaching new skies
Since 1984
www.7mahalaxmi-runwalenterprises.com
Site Address: 7 Mahalaxmi, Junction of N. M. Joshi Marg & Sane Guruji Marg, Mumbai 400 011.
7 Mahalaxmi is a project being developed in phase wise manner jointly by Runwal Real Estates Pvt. Ltd. and Shreepati Build Infra Investment Limited. The offer is valid for a limited purpose only and on select apartments and the promoter reserves the right to modify or withdraw the same. This material does not constitute an offer and/or contract of any type between the owners and the recipient. Any purchaser/allottees of this project shall be governed by the terms and conditions of the booking form and agreement for sale to be entered into between the parties and no details mentioned in this material shall in any way govern such transaction. The project may undergo variations pursuant to change in plans, permissions and approvals of relevant authorities as per the prevailing government norms. The project is financed by IndusInd Bank Limited. *T&C Apply.
022 69315114

# 'जीतो' कम समय में बन गया जैन समाज की सबसे बड़ी पहचान

मुंबई। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन 'जीतो' दुनिया भर में जैन समाज की सबसे बड़ी पहचान बन गया है। इस संगठन ने दुनिया भर के विभिन्न देशों सहित भारत में न केवल बड़े शहरों में बल्कि कस्बों और छोटे शहरों तक भी अपनी पहुंच स्थापित की है, जिससे जैन समाज के व्यापारियों और उद्यमियों को एक मंच प्रदान किया जा सके तथा समाज की सेवा की जा सके।

जीतो के पूर्व चेयरमेन गजेंद्रकुमार पाटनी, नरेंद्रकुमार बलडोटा, तेजराज गुलेचा, मोतीलाल ओसवाल, प्रदीप राठौड़, गणपतराज चौधरी, सुखराज नाहर ने संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। प्रेसिडेंट हेमन्त शाह, चंपालाल वर्धन, मोतीलाल ओसवाल, उत्कर्ष शाह / राकेश मेहता, शांतिलाल कवाड़, गणपतराज चौधरी, सुरेश मुथा, अभयकुमार श्रीश्रीमाल / कांतिलाल ओसवाल आदि ने संगठन की गतिविधियों को मजबूत किया तो वर्तमान चेयरमेन पृथ्वीराज कोठारी एवं प्रेसिडेंट विजय भंडारी भी इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। 'जीतो' की वैश्विक उपस्थिति इसके सदस्यों की सक्रियता और संगठन की गतिविधियों की व्यापकता से स्पष्ट होती है। जीतो अपनी सहयोगी संस्थाओं, जेएटीएफ, श्रमण आरोग्यम, जेबीएन, जीप, जीतो स्पोर्ट्स, मेट्रोमोनियल, जेटीआर, जीतो जॉब्स, जीतो प्रोफेशनल फोरम, जे पॉइंट, जेआईआईएफ, जीतो इंटरनेशनल, जीतो यूथ विंग, जीतो लेडीज विंग के कार्यों के माध्यमं से केवल 18 साल में ही जीतो दुनिया के बेहतरीन संगठनों में गिना जाने लगा है। विश्व के विभिन्न देशों में 'जीतो' के 75 चैप्टर्स 9 जोन, 32 इंटरनेशनल चैप्टर में 19 हजार सदस्य सक्रिय हैं, जो स्थानीय स्तर पर जैन समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। इसी कारण, जीतो जैन समाज की सबसे बड़ी पहचान बन गया है, तथा जैन समाज की एक प्रमुख वैश्विक संस्था के रूप में स्थापित हो गया है, जो व्यापार, शिक्षा, संस्कृति, और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका में अग्रणी है।

॥ वंदे श्री ऋषभं वीरं ॥


पृथ्वीराज कोठारी विजय भंडारी

यह संगठन जैन धर्म से जुड़े उद्यमियों, उद्योगपतियों, बुद्धिजीवियों, चिंतकों, और समाजसेवियों को एक मंच प्रदान करता है, जिससे वे सामूहिक रूप से सामाजिक और आर्थिक विकास में योगदान दे सकें। 'जीतो' की स्थापना के बाद से इसने जैन समाज को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दी है, और यह संगठन आज जैन समुदाय की सबसे बड़ी और प्रभावशाली संस्था के रूप में उभरा है। 'जीतो' का प्राथमिक उद्देश्य जैन समुदाय के बीच व्यापारिक और उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देना है। संगठन नियमित रूप से व्यापारिक सम्मेलन, नेटवर्किंग इवेंट्स, और कार्यशालाओं का आयोजन करता है, जहां उद्यमी अपने विचारों का आदान-प्रदान करते हैं और नए अवसरों की खोज करते हैं। 'जीतो' ने स्टार्टअप्स और छोटे व्यवसायों को प्रोत्साहित करने के लिए मेंटरशिप प्रोग्राम और वित्तीय सहायता योजनाएं भी शुरू की हैं। इन प्रयासों ने न केवल जैन उद्यमियों को सशक्त बनाया है, बल्कि वैश्विक व्यापार मंच पर जैन समुदाय की उपस्थिति को भी मजबूत किया है।

शिक्षा के क्षेत्र में 'जीतो' ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। संगठन ने प्रशासनिक सेवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए हैं, जो युवाओं को सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए तैयार करते हैं। इसके अतिरिक्त, 'जीतो' स्कॉलरशिप और शैक्षिक सहायता प्रदान करता है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर जैन छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले। 'जीतो' के शैक्षिक कार्यक्रम न केवल व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में नेतृत्व की नई पीढ़ी तैयार करने में भी सहायक हैं। 'जीतो' सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल है। संगठन स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर और आपदा राहत कार्यों का आयोजन करता है। इसके अलावा, 'जीतो' जैन धर्म के साधु-संतों की सेवा और जैन संस्कृति के संरक्षण के लिए भी समर्पित है। संगठन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम जैन परंपराओं और मूल्यों को बढ़ावा देते हैं, जिससे युवा पीढ़ी अपनी विरासत से जुड़ सके। 'जीतो' की ये गतिविधियां सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता को मजबूत करती हैं।

'जीतो' ने व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और समाजसेवा के क्षेत्र में अपने कार्यों से जैन समाज को एक नई दिशा प्रदान की है। इसकी गतिविधियों ने न केवल जैन समुदाय को सशक्त बनाया है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर एक प्रभावशाली पहचान भी दिलाई है। 'जीतो' की यह यात्रा सामूहिक प्रयासों और समर्पण का प्रतीक है, जो भविष्य में और अधिक प्रगति की ओर अग्रसर है। 'जीतो' की स्थापना का मुख्य उद्देश्य जैन समाज के व्यापारिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देना है, साथ ही साथ जैन समाज के लोगों को एक मंच प्रदान करना है जहां वे अपने व्यापारिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा कर सकें और समाधान निकाल सकें। 'जीतो' की सफलता का एक प्रमुख कारण इसकी व्यापक पहुंच है, जो न केवल बड़े शहरों में बल्कि छोटे छोटे कस्बों और शहरों तक भी फैली हुई है। इससे जैन समाज के व्यापारियों और उद्यमियों को एक मंच प्रदान किया जा सका है जहां वे अपने व्यापारिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा कर सकें और समाधान निकाल सकें। •••


गजेंद्रकुमार पाटनी नरेंद्रकुमार बलडोटा तेजराज गुलेचा मोतीलाल ओसवाल प्रदीप राठौड़ गणपतराज चौधरी सुखराज नाहर


हेमन्त शाह चंपालाल वर्धन उत्कर्ष शाह राकेश मेहता शांतिलाल कवाड सुरेश मुथा अभयकुमार श्रीश्रीमाल कांतिलाल ओसवाल


शा. तिलोकचन्दजी हजारीमलजी मुठलिया

रानीगांव / मुंबई

Since 1952

OLYMPIA GAMES & TOYS PVT. LTD

Manufacturer & Distributors of:
Toys, Games, Back to School Products & Children Related Items

101, Bhavya Apartment, 5th Road, Khar (W), Mumbai - 400052
Email: ogt.rtp@gmail.com
Mobile : 98200 19756 / 98200 19758 / 98200 49758 / 98200 19757

DL LAKHANI

*Beyond Celebrations...*



*With Best Compliments From*

- LAKHANI CATERERS
- LAKHANI TRADERS
- LAKHANI CATERING
- LAKHANI HOSPITALITY
- NITYA INC

LD Lakhani Decorator

**Dewang Lakhani**
9819384241

**Rajesh Lakhani**
9820084241

**OUR PANEL :** • **SAYA RESORT** (BHIWANDI) •**TULIP STAR** (JUHU, VILE PARLE W) •**NSCI**(WORLI) • **QUEENS LAWN** (BORIVILI W)

**OUR ASSOCIATES** • **BAYVIEW** (MAZGAON) • **KUTCHI GROUND** (BORIVILI W) • **PARSEE GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **KORA KENDRA GROUND** (BORIVILI W) • **WILSON GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **PUSPANJALI GROUND** (BORIVILI W) • **ISLAM GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **SRPF GROUND** (JOGESHWARI E) • **SOMAIYA GROUND** (GHATKOPAR) • **JVPD** (JUHU,VILE PARLE W)

**MOGRA** Banquet by D Lakhani Hospitality / Rajiv Gandhi Institute, Versova Link Road, (Andheri West).




**BANQUET • CATERING • DECOR • HOSPITALITY**






**LAKHANI BANQUET**

Managed By D Lakhani Hospitality
(Malad West)

**Office No 6, 1st Floor, Kutch Castle Building, Opp.Tiwari Sweets, Opera House, Mumbai - 400004.**

**Follow Us On** **D LAKHANI HOSPITALITY** **http://dlakhanihospitality.com/**

।। श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथाय नमः ।। ।। श्री नाकोड़ा भैरवदेवाय नमः।।
।। नमो नमः गुरु दर्शन नित्योदय सागर सुरये ।।

पू. राष्ट्रसंत आचार्य गुरुदेव श्री चन्द्रानन सागर सूरीश्वरजी महाराज की प्रेरणा से संस्थापित

# श्री नाकोड़ा भैरव दर्शन धाम महातीर्थ (ढेकाले) मुंबई की नई कार्यकारिणी-वर्तमान पदाधिकारी ट्रस्ट मंडल 2025-28

आशीर्वाद



पू. राष्टसंत आचार्यदेव
श्री चन्द्रानन सागर सूरीश्वरजी महाराज



श्री नाकोड़ा भैरव दर्शन धाम महातीर्थ (ढेकाले)

अध्यक्ष



सुखराज बी. नाहर
नाहर बिल्डर्स

## वर्तमान पदाधिकारी कार्यकारिणी ट्रस्ट मंडल


उत्तम जैन
नियोंन इंडस्ट्रीज


संजय डांगी
ऑथम इन्वेस्टमेंट


पृथ्वीराज कोठारी
आरएसबीएल


रमेश जैन
जीएम मॉड्यूलर


रमेश पामेचा
धुलेवा मेटल्स


दिलीप चंदन
चन्दन स्टील प्रा. लि.


मनोज मेहता
एमटीसी ग्रुप


हितेश दोशी
वारी एनर्जी


विनोद जवेरी
यशो इंडस्ट्रीज


स्नेहल चौकसी
शोभा श्रृंगार ज्वेलर्स


जयेश जैन
एक्जीम ग्रुप


सुरेश जैन
रॉयल चैन


गौतम बालर
बालर इम्पेक्स


अमरीश पिपाड़ा
मेगानेट टेक्नोलॉजीज


कांतिलाल पी. शाह
अंसा ज्वेलर्स


जयेश भंसाली
भंसाली इंजीनियरिंग पॉलिमर्स

## सहयोगी ट्रस्टी


कनकराज लोढ़ा


पोपटलाल सुंदेशा


कैलाश अग्रवाल


डॉ. रमेश जैन


ललित जगावत


के.सी. जैन


चुन्नीलाल चंदन


दिनेश जे. जैन


कपूर बलदोटा


प्रवीण पी. शाह


मनीष कोठारी


मोहनलाल ओटरमल


राजुभाई दर्शन


संघवी जयंतीलाल जैन


इंदरमल राणावत


देवीचंद सतावत


WITTY®
HOSTELS
For Students & Professionals
The Safest and Most Luxurious
Girls Hostel in Mumbai
MALAD (W)
JUHU
YOUR HOME AWAY FROM HOME
24x7 Security
Spacious Rooms
Veg Meals Canteen
Well-equipped Gym
Indoor Games Area
Library
Laundry & Housekeeping
Call 86579 96021
www.wittyhostels.com
HEAD OFFICE:
Witty Neelkanth Apartments,
Ramchandra Lane, Adarsh Nagar,
Malad (West), Mumbai 400 064.
Email: admin@wittyhostels.com

## विले पार्ले जैन मंदिर मामले में न्यायालय का आदेश

# जैन मंदिर ट्रस्ट को राहत नहीं बीएमसी से लेनी होगी अनुमति





**शताब्दी गौरव**

मुंबई। विले पार्ले स्थित श्री 1008 दिगंबर जैन मंदिर को लेकर जारी कानूनी विवाद में बॉम्बे हाई कोर्ट ने ट्रस्ट की मांग को अस्वीकार करते हुए निर्देश दिया है कि वह मंदिर के ऊपर अस्थायी छत (शेड) लगाने की अनुमति के लिए बीएमसी में विधिवत आवेदन करें। अदालत ने स्पष्ट किया कि मंदिर संरचना पर फिलहाल यथास्थिति का आदेश लागू रहेगा, लेकिन किसी भी अस्थायी निर्माण के लिए मंदिर ढहाने की कार्रवाई नगर निकाय की मंजूरी आवश्यक होगी। हाईकोर्ट की अवकाश पीठ न्यायमूर्ति कमल खाता और न्यायमूर्ति डॉ. आरिफ डॉक्टर ने ट्रस्ट द्वारा दायर नई याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। ट्रस्ट ने प्रार्थना की थी कि शेष संरचना को मौसम और अन्य नुकसान से बचाने के लिए मंदिर के अधूरे हिस्से पर छत लगाने की अनुमति दी जाए। इससे पहले, अदालत ने मंदिर पर आगे किसी भी ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर रोक लगाते हुए 'यथास्थिति' बनाए रखने का आदेश दिया था। वर्तमान में ट्रस्ट ने अदालत से अनुरोध किया कि शेष ढांचे की सुरक्षा के लिए छत आवश्यक है।

**मंदिर ढहाने की कार्रवाई के बाद बढ़ा विवाद**

पीठ ने कहा कि बीएमसी से निर्माण की अनुमति ले सकते हैं, लेकिन कोर्ट अपनी पूर्व दी गई रोक हटाएगा नहीं। बीएमसी ने महाराष्ट्र क्षेत्रीय एवं नगर नियोजन अधिनियम (एमआरटीपी) की धारा 53 (1) और मुंबई महानगरपालिका अधिनियम की धारा 488 के तहत मंदिर ट्रस्ट को नोटिस जारी किया था। ट्रस्ट ने सिविल कोर्ट का रुख किया, लेकिन 7 अप्रैल को अदालत ने ट्रस्ट को कोई राहत नहीं दी। इसके बाद महानगर पालिका ने संबंधित नोटिस और सिविल कोर्ट के आदेश के आधार मंदिर के कुछ हिस्सों को ध्वस्त कर दिया, जिससे भारी विवाद खड़ा हो गया।

# पश्चिम रेलवे के सचिन शर्मा को आयरनमैन का ख़िताब




मुंबई। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के सचिव सचिन शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के पोर्ट मैक्केरी में आयोजित दुनिया की सबसे कठिन प्रतियोगिताओं में से एक आयरनमैन ट्रायथलॉन को 12 घंटे, 26 मिनट और 52 सेकंड में सफलतापूर्वक पूरा किया। इस ट्रायथलॉन में 3.8 किमी तैराकी, 180 किमी साइकिलिंग और 42.2 किमी की मैराथन दौड़ शामिल है। वे भारतीय रेलवे के पहले अधिकारी बने है, जिन्होंने इस चुनौती को पूरा किया। इस प्रतोयोगिता में भारी बारिश और सुरक्षा कारणों से तैराकी चरण को रद्द कर दिया गया और दौड़ 180 किमी साइकिलिंग के साथ शुरू हुई। पश्चिम रेलवे के मुताबिक, शर्मा ने कठिन साइकिलिंग रास्तों और 17त ढलान वाली चढ़ाई को पार किया और फिर 42.2 किमी की मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया। उनके परिश्रम और समर्पण को देखकर आयोजकों ने उन्हें आयरनमैन का खिताब दिया। शर्मा पहले भी कई अल्ट्रा मैरेथन और ट्रायथलॉन प्रतियोगिताओं में भी भाग ले चुके हैं।










MAXUS DOME
Jain Caterers
Delicious Innovations
Luxurious Grandeur
of Celebrations
BOOK NOW
+91 8080736222
Largest Pillarless Banquet in Mira-Bhayander.
Accommodation of 500 to 2000 Guests.
Luxurious Stay Up To 100 Guests.
6th floor, Maxus Mall Rd, Temba Road, Padmavati Nagar, Bhayandar West, Mira-Bhayandar

# कनकराज सावंतराज लोढा पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियो का सम्मान





शताब्दी गौरव

फालना। श्री एसपीयू जैन शिक्षण संघ, फालना द्वारा संचालित कनकराज सावंतराज लोढा पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थियो को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र झा ने बताया कि सीबीएसई द्वारा 10वीं व 12वीं बोर्ड के परीक्षाओ मे कनकराज सावंतराज लोढा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गुणवत्तापूर्ण परिणाम दिये, जिस हेतु इन होनहारो के लिए प्रबंधन व विद्यालय की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

संस्था के सह सचिव अशोक परमार की अध्यक्षता मे सभी विद्यार्थियो का माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर बहुमान किया गया, जिसमे सहसचिव अंकित राठौड, सी.ई.ओ सुरेशचन्द्र अग्रवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य अमित मेहता अभिभावकगण शिक्षकगण मौजूद रहे।

प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र झा ने बताया कि 12वीं विज्ञान वर्ग मे आदी मेहता ने 86.40% अंको के साथ विद्यालय मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार दर्श जैन ने 83.2%, मंथन जैन 82.40%, अंक प्राप्त किए। वाणिज्य वर्ग मे दिव्या जैन 96.60% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नील राठौर ने 83.40%, विनीतकुमार 81.40%, अंक प्राप्त किये। कला वर्ग में डोनीशा गहलोत 86.60% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, हर्षदीप ने 79.20%, आर्यन प्रजापत ने 71.40% अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार दसवी बोर्ड मे अमृत सिंह युमनम 91.60% अंक प्राप्त कर विद्यालय मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। नीति मुणोयत 90.20%, दीपेश जैन ने 89.80% अंक प्राप्त कर परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यार्थियो की इस उपलब्धि पर संस्था के संरक्षक इंदरचंद राणावत व कनकराज लोढा व अध्यक्ष बक्तावर सी. रांका, उपाध्यक्ष खूबीलाल जे. राठौड, नरेंद्र एम. मेहता व अरविंद राणावत, सचिव शान्तिलाल बोकाडिया सहसचिव अशोक परमार, हेमंत राणावत व अंकित राठौड, कोषाध्यक्ष हंसमुख संघवी, सहकोषाध्यक्ष विपिन चौधरी, सीईओ डॉ. सुरेशचंद्र अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य सिद्धराज लोढ़ा विशेष आमंत्रित सदस्य अमित मेहता, शिक्षकगण, अभिभावकगणो व विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त किया व शुभकामनाऐ देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना कर विद्यार्थियो का हौसला बढ़ाया।

# आदर्श विद्यालय सादड़ी (श्री खेतलाजी मंडल) में मनाया गया मातृ दिवस




शताब्दी गौरव

सादड़ी। मां के निस्वार्थ प्रेम, त्याग और समर्पण को पहचान देने और उनके त्याग की सराहना करने के लिए तथा बच्चों और उनकी माता के बीच के बंधन को मजबूत करने के लिए आज आदर्श विद्यालय, सादड़ी में मातृ दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। विद्यालय में पधारे गए सभी अतिथियों तथा माताओं का विद्यालय के बच्चों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस आयोजन के तहत विद्यालय में कई



गतिविधियां जैसे माता की पूजा, गायन, नृत्य प्रतियोगिता,कई खेल तथा रैंप वॉक आदि आयोजित की गई। विजेता प्रतिभागियों को अशोक बाफना (जॉयफूल) तथा खूबीलाल राठौड़ एवं विमलचंद राठौड़ (फ्लेयर ग्रुप) की तरफ से उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं ने सभी गतिविधियों में भाग लेकर आज के दिन को यादगार बनाया तथा विद्यालय के बच्चों तथा शिक्षकों द्वारा मातृ दिवस के आयोजन के सफल प्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा की।

उन्होंने मंडल अध्यक्ष दिलीप भंडारी, पदाधिकारियों को तथा अशोक बाफना, खूबीलाल राठौड़ एवं विमलचन्द राठौड़ को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

# एल.पी.एस. सीनियर सेकेंडरी सीबीएसई विद्यालय विद्यावाड़ी में गर्व और उल्हास का दिन

शताब्दी गौरव

रानी। एल.पी.एस. सीनियर सेकेंडरी सीबीएसई विद्यालय, विद्यावाड़ी के लिए एक गौरवशाली और ऐतिहासिक दिवस रहा। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर में संस्थान के पूर्व अध्यक्ष पोपटलाल सुंदेशा, विद्यावाड़ी के सीईओ राकेश गर्ग, एल.पी.एस. विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति नाथ, तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इन सभी महानुभावों ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं (विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी संकाय) की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर विद्यालय की पूरी टीम, छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। राकेश गर्ग (सीईओ, विद्यावाड़ी) एवं प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति नाथ ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर शिक्षकों को बधाई दी और छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।





इस अवसर को विशेष बनाते हुए 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं का पुष्प हार पहना कर तथा स्मार्ट वॉच भेंट दे कर बहुमान किया गया। उपस्थित अभिभावकों ने भी विद्यालय की संपूर्ण टीम को उनकी लगन, मार्गदर्शन और उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस गौरवशाली क्षण पर मरुधर महिला शिक्षण संघ संस्थान के प्रमुख पदाधिकारियों ने भी अपनी शुभकामनाएँ प्रकट कीं। संस्था अध्यक्ष कांतिलाल एन. मेहता, पूर्व अध्यक्ष श्री पोपटलाल सुंदेशा तथा सचिव कैलाश टी. कावेड़िया ने छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को उनकी इस अभूतपूर्व सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी और विद्यालय की निरंतर प्रगति की कामना की।


ADN
THE MARK OF GUARANTEE & CREATION
Aradhana
JEWELLERS PVT. LTD.
WE HAVE RELOCATED
Expanding to serve you better
Office no. 201, 2nd Floor, ADN House, Bldg no. 157/165, Sheikh Memon Street, Zaveri Bazar, Mumbai - 400002.
9820604171 / 9820204171
eMail : aradhanakirti@gmail.com | www.aradhanajewellers.com

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के WAVES 2025 विज़न से प्रेरित होकर

## लाइका ग्रुप (यूके-यूरोप) और महावीर जैन फिल्म्स ने वैश्विक दर्शकों के लिए 9 भारतीय फीचर फिल्मों के निर्माण के लिए साझेदारी की घोषणा

**शताब्दी गौरव**

मुंबई। यूके और यूरोप स्थित लाइका ग्रुप की निर्माण इकाई लाइका प्रोडक्शन्स, जिसने रजनीकांत के साथ 2.0 (2018) और मणिरत्नम के साथ पोन्नियिन सेलवन ङ्ख × ङ्खङ्ख जैसी बड़ी बजट की फिल्में बनाई, तथा महावीर जैन फिल्म्स, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक मनोरंजन मंच पर भारतीय कहानी कहने की विरासत को ऊँचाई देने के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, आने वाले 3 वर्षों में 9 प्रभावशाली फिल्मों के निर्माण के लिए एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। लाइका ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अलिराजा सुबासकरण और महावीर जैन ने सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य मंत्री (सूचना एवं प्रसारण) डॉ. एल. मुरुगन से WAVES समिट में मुलाकात कर इस प्रतिबद्धता को साझा किया। सुबासकरण और महावीर जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि भारत वास्तव में सौभाग्यशाली है कि हमारे पास एक दूरदर्शी, गतिशील और संवेदनशील प्रधानमंत्री हैं। यह सही समय है कि भारत की समृद्ध संस्कृति, दर्शन और ज्ञान को सिनेमा की भव्यता के साथ दुनिया तक पहुँचाया जाए और शक्तिशाली कंटेंट के माध्यम से और अधिक प्रेम, करुणा और एकता फैलाई जाए। उन्होंने कहा कि ये फिल्में हमारे माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति हमारी कृतज्ञता व्यक्त करने का एक छोटा सा प्रयास हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत और दुनिया को बेहतर बनाने के लिए अथक और अद्भुत कार्य कर रहे हैं। लाइका ग्रुप एक विविधीकृत बहुराष्ट्रीय समूह है, जो 23 देशों में दूरसंचार, स्वास्थ्य, यात्रा, मनोरंजन और अन्य क्षेत्रों में कार्यरत है।



### महावीर जैन फिल्म्स
### राजश्री प्रोडक्शंस के साथ ऊंचाई-2022
### आगामी आनेवाली फिल्में

- करण जौहर के साथ कार्तिक आर्यन अभिनीत नागज़िला
- सिद्धार्थ आनंद के साथ एक अंतरराष्ट्रीय थ्रिलर, जिसमें विक्रांत मैसी गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की भूमिका में होंगे
- इम्तियाज़ अली के साथ एक जड़ से जुड़ी दोस्ती पर आधारित फिल्म
- और ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद पर एक बायोपिक



## मुठलिया परिवार की जीवदया हेतु एक ओर पहल



जुगराज मुठलिया

**शताब्दी गौरव**

रानीगांव। रानीगांव निवासी जुगराज तिलोकचंदजी मुठलिया परिवार अपने सामाजिक, धार्मिक, एव जीवदया कार्यों के लिए गोडवाड़ क्षेत्र में जाना माना प्रतिष्ठित परिवार है, मुठलिया परिवार ने इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस साल अप्रैल महीने से पैतृक गांव रानीगांव में जीवदया के लिए इस भीषण गर्मी में मूक पशुओं के पीने के लिए गांव के सभी अवालो एवं गौशाला के पास के अवाले में प्रतिदिन टैंकर से पानी भरवाने की सुंदर व्यवस्था की है। जिसके कारण हजारों मूक पशुओं को इस गर्मी में पीने का पानी उपलब्ध हो रहा है, श्री मुठलिया के इस सेवा कार्य की सर्वत्र सराहना हो रही है।



## दिलीप जैन बने मीरा-भायंदर भाजपा के जिलाध्यक्ष



दिलीप जैन

भायंदर। भारतीय जनता पार्टी ने मीरा-भायंदर जिले के लिए नए नेतृत्व की घोषणा करते हुए दिलीप जैन को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले पार्टी ने जिले में 11 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की थी। अब जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ ही नई टीम को लेकर पार्टी में उत्साह है।

दिलीप जैन वर्षों से भाजपा संगठन से जुड़े रहे है। वे एक समर्पित, शांत और रणनीतिक सोच वाले नेता हैं। उनकी लोकप्रियता और सुलभ स्वभाव उन्हें एक पहचान दिलाता है। उन्होंने कई सामाजिक संगठनों से जुड़कर समय-समय पर अपनी नेतृत्व क्षमता को सिद्ध किया है। विवादों से दूर रहने वाले और नरेंद्र मेहता के करीबी माने जाने वाले जैन को नेतृत्व का समर्थन मिला, मीरा-भायंदर में पिछले वर्षों से चल रही गुटबाजी के बीच उनका पक्ष मजबूत हुआ। दिलीप जैन इससे पहले मीरा-भायंदर मनपा के परिवहन सभापति भी रह चुके हैं। इस वर्ष मनपा का चुनाव होना है, ऐसे में भाजपा नेतृत्व को उनसे कई अपेक्षाएं हैं। शताब्दी गौरव से बातचीत के दौरान जैन ने कहा कि उनकी प्राथमिकताओं में संगठन को हर बूथ स्तर तक मजबूत बनाना, युवाओं और महिलाओं को आगे लाना तथा जनता से सीधे संवाद स्थापित करना शामिल है। विधायक नरेंद्र मेहता ने इस नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा, दिलीप जैन का चयन संगठन की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उनके अनुभव और नेतृत्व में पार्टी और अधिक मजबूत होकर उभरेगी।





## शांति गोल्ड इंटरनेशनल द्वारा बिजोवा के हिंगड चिकित्सालय में एम्बुलेंस भेंट

**शताब्दी गौरव**

बिजोवा। श्री उज्जैनी वीर मामाजी मंदिर बिजोवा की प्रथम वर्षगांठ पर देश की अग्रणी ज्वेलरी कंपनी शांति गोल्ड इंटरनेशनल द्वारा परम पूज्य गुरुदेव पुरुषोत्तम आचार्य भट महाराज एवं उज्जैन वीर मामाजी की प्रेरणा से राजकीय हिंगड़ सामुदायिक चिकित्सालय में एम्बुलेंस भेंट की गई।

जिससे मानव कल्याण के लिए एवं इस क्षेत्र के जरुरतमंद लोगों को इस एम्बुलेंस का फायदा मिलेगा। इस अवसर पर सीएचसी प्रभारी डा. एम एल मेहता, सेक्टर प्रभारी डा. गजेन्द्र सिंह, बीसीएमओ डा. ओजस रावल को एंबुलेंस की चाबी सुपुर्द की गई। इस अवसर पर विकास अधिकारी नारायण सिंह राजपुरोहित, दिनेश जैन, प्रवीण पोरवाल सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर मंदिर पर दिन भर बडी तादाद में भक्तों ने पुजा अर्चना कर धौक लगाई व महाप्रसादी ली। इस अवसर पर मंदिर को फुलों से सजाया गया था।



।। श्री नाकोडा पार्श्वनाथाय नमः ।।

।। श्री हीर - हीत - हिमाचल - लक्ष्मी - रत्नाकर - विद्यानंद सद्गुरुभ्यो नमः ।।

# श्री विजय हिमाचल सूरि कीर्ति स्तंभ, घाणेराव की धन्यधरा पर नवनिर्मित भोजनशाला के शुभ उद्घाटन प्रसंगे

## आत्मीय आमंत्रण!



मेवाड़ केसरी प.पू. आचार्य भगवंत
श्रीमद् विजय हिमाचल सूरीश्वरजी म.सा.



**पावन निश्रा**

प.पू. आचार्य देव श्रीमद् विजय रविशेखर सूरीश्वरजी म.सा.

प.पू. आचार्य देव श्रीमद् विजय ललितशेखर सूरीश्वरजी म.सा.

प. पू. मुनिराज श्री सूर्यशेखर विजयजी म.सा., प. पू. मुनिराज श्री विरल विजयजी म.सा.

शुभ दिवस - ज्येष्ठ वदी 10, गुरुवार
**दि. 22-5-2025**

मांगलिक कार्यक्रम प्रातः शुभ मुहूर्त में
**भोजनशाला उद्घाटन**

## सम्पूर्ण भोजनशाला के लाभार्थी

## शा बिपीन विमलचन्दजी जैन (पुनमिया) परिवार, घाणेराव



स्व. शा विमलचंदजी जावंतराजजी जैन (पुनमिया)



निर्मला विमलचंदजी जैन (पुनमिया)



बिपीन विमलचंदजी जैन (पुनमिया)



डिम्पल बिपीन जैन (पुनमिया)



टूनीषा यशजी मेहता



आरजू बिपीन जैन (पुनमिया)



राज बिपीन जैन (पुनमिया)

## Dintara Jewels Pvt. Ltd.

**Brand By - Choksi Vimal Bullion LLP**

**विनीत : श्री विजय हिमाचल सूरी कीर्ति स्तम्भ ट्रस्ट मंडल, घाणेराव**



# उपमुख्यमंत्री डॉ बैरवा का मुम्बई में अभिनन्दन





**शताब्दी गौरव**

मुंबई। राजस्थान के उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा हाल ही में मुंबई आए थे, पोरवाल परिषद के अध्यक्ष किलर ग्रुप के चैयरमेन केवलचंद जैन तथा एल जवेरचंद ज्वेलर्स के विनोद कुमार जैन के नेतृत्व में प्रवासी राजस्थानी बंधुओं द्वारा प्रभादेवी स्थित इंडियाबुल्स बैंक्वेट हॉल में उनके स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नाकोड़ा तीर्थ के ट्रस्टी कांतिलाल शाह, घेवरचंद जैन, दिनेश शाह, मानक मेहता,



ललित जगावत सहित कई गणमान्य लोगों ने डॉ. श्री बैरवा का स्वागत किया।

डॉ. बैरवा ने प्रवासी राजस्थानियों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान के विकास में आपके अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने किल्लर ग्रुप के प्रदेश में उनके सामाजिक सरोकार की भी सराहना की। भाजपानेत्री श्रीमती रेखा कांतिलाल शाह ने अपने सम्बोधन में राजस्थान के अस्पतालों में भर्ती बीमार लोगों के मरने की स्थिति में मृतक के परिवार को होने वाले तकलीफों के बारे में बताया, तथा कहा कि उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र देने में आनाकानी की जाती है। तो, डॉ बैरवा ने उन्हें इस पर तुरंत ही संज्ञान लेने का आश्वासन दिया।

# धर्मनगरी घाणेराव में भोजनशाल एवं उपाश्रय का उद्घाटन 22 मई को





मेवाड़ केसरी प.पू. आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय हिमाचल सूरीश्वरजी महाराज



आचार्य श्रीमद् विजय रविशेखर सूरीश्वरजी महाराज



आचार्य श्रीमद् विजय ललितशेखर सूरीश्वरजी महाराज

मुंबई। धर्मनगरी घाणेराव में श्री विजय हिमाचल सूरि कीर्ति स्तंभ की धन्य धरा पर नवनिर्मित भोजनशाला व उपाश्रय का भव्य उद्घाटन 22 मई 2025 को प.पू. आचार्य देव श्रीमद् विजय रविशेखर सूरीश्वरजी म.सा., प.पू. आचार्य देव श्रीमद् विजय ललितशेखर सूरीश्वरजी म.सा., प. पू. मुनिराज श्री सूर्यशेखर विजयजी म.सा., प.पू. मुनिराज श्री विरल विजयजी म.सा. की पावन निश्रा में होगा। संपूर्ण भोजन शाला का लाभ बिपीन विमलचंदजी पुनमिया परिवार ने लिया है। इसके पूर्व में आप द्वारा मूलनायक भगवान के कलश का लाभ एवं धर्मनाथजी भगवान सुमतिनाथजी भगवान एवं पद्मावती माताजी को बिराजमान करने का लाभ भी बिपीन विमलचंदजी पुनमिया परिवार द्वारा लिया गया था। उपाश्रय भवन का लाभ श्रीमती विमलाबेन मोतीलालजी लोढ़ा परिवार ने लिया है। उपाश्रय हॉल का लाभ संघवी सोहनलालजी भंवरलालजी कोठारी परिवार ने लिया है।


## 18वीं पुण्यतिथी पर श्रद्धासुमन



स्वर्गवास: 30-05-2007

### स्व. श्वेता तुषार सुराणा, (बालराई)

जन्म लेना भाग्य की बात है, मृत्यु होना समय की बात है।
परलोक के बाद लोगों के दिल में रहना कर्म की बात है।

श्रद्धावनत

**ससुराल पक्ष**

दादा ससुरजी: स्व. जीवराजजी,
स्व. मोतीलाल, स्व. अगरचंद, स्व. केवलचंद
दादी सासुजी: स्व. सायरबेन,
स्व. विमलाबेन, स्व. शांतिबेन, स्व. निर्मलाबेन
बड़े ससुरजी: किरणराज
बड़ी सासुजी: मंजूलाबेन
ससुरजी: प्रवीणकुमार, सासुजी: कुसुमबेन
भुआ-भरोसा: मधु महेन्द्रजी बोहरा, खुडाला
जेठ-जेठानी: डिम्पल विशाल
नणंद-नणदोई: निधि-चिंतनजी गोसालीया,
रित्तल अनिकेतजी धोका
भतीज: वेदान्त, जय, अंगड, निव भतीजी: रिषवि
सोनल तुषार सुराणा, फलक सुराणा
एवं समस्त सुराणा परिवार, बालराई

**पियर पक्ष**

दादाजी: स्व. अचलचंदजी पारेख
स्व. धनराजजी पारेख
दादीजी: स्व. जीवीबाई
पिता: पारसमल
मम्मी: मधुबेन
चाचा: दिलीप, चाची: मधुबेन
भाई: निशीत, यशीत, भाभी: सोनल, खुश्बु
बहन-बहनोई: नेहा विकासजी पुनमिया
मनाली उत्कर्षजी, आयशा मेहुलजी जोधावत
भुआ-भरोसा: गुणवंती रणजीतजी पुनमिया
अरुणा भरतकुमारजी राजावत,
सुमित्रा संजयजी मेहता
भतीज: दिविज, कवीर, भांजी: सोहा, विहाना
एवं समस्त पारेख परिवार, नाड़ोल

फर्मः सुस्वा फार्मा, सार्थक फार्मा
2/22, बाबू गेनू रोड़, मुंबई - 2

फर्मः शाह धनराज प्रेमचंद एण्ड कंपनी
134, गुलालवाड़ी, मुंबई - 4



## 19वीं पुण्यतिथी पर श्रद्धासुमन



### स्व. कांतीलालजी सौभागचंदजी मंडलेशा

मुण्डारा, स्वर्गवासः 31-5-2006

प्रेरक थे, एक चिंतक थे, आप थे एक अनमोल रतन।
खोया ऐसा कि पा ना सकेंगे, आपके जैसा स्नेहपूर्ण एवं
निष्ठावान व्यक्तित्व का धन।

श्रद्धावनत

**पत्नी:** श्रीमती पुष्पाबेन कांतीलालजी मंडलेशा
**भाई-भाभी:** स्व. पुखराज - स्व. चंपाबेन, स्व. लक्ष्मीचंद - लीलावती
**पुत्र-पुत्रवधु:** विमल - सरोज, जितेन्द्र - नीप्पा, **बेटी-जमाई:** संगीता - हसमुखजी, वीणा - गिरीशजी
**भतीज-भतीज बहु:** किशोरकुमार-शारदाबेन, हसमुखकुमार-पुष्पाबेन, प्रकाशकुमार-उषाबेन
**भतीजी-जमाई:** मंजुला-जयंतीलालजी चौपड़ा, कुसुम-प्रवीणजी सुराणा, मीना - भरतजी सोलंकी
**पौत्र-पौत्री:** विनीत, पर्व, रीती, जान्वी, ध्याना
**पौत्रवधु:** मित्तल भावेश मंडलेशा, नम्रता मुमुक्ष मंडलेशा, दिव्या अक्षय मंडलेशा
**परपौत्र-परपौत्री:** अहान, अनाया, ध्रुविशा, प्रिशिका, कृवम
**दौत्र-दौत्री:** मनोज, कल्पेश, तुषार, विशाल, रौनक, रितीक, कविश, निधी, झील, क्रिशा, धुन
**ससुराल:** अशोक पुखराजजी नवलखा (शिवगंज), चैन्नई

फर्मः शा. सौभागचंद दीपचंद एण्ड कंपनी • निखार इम्पेक्स • ग्रेनोवेयर
226, गुलालवाड़ी, मुंबई - 400002

# सुरेन्द्र दस्साणी का मुंबई में नूतन गृह प्रवेश

## मंत्री सहित गणमान्य लोगों ने दी शुभकामनायें

मुम्बई। राजस्थान के बीकानेर के प्रवासी डायमंड व्यवसायी एवं जाने माने समाजसेवी सुरेन्द्रकुमार दस्साणी एवं श्रीमती मालतीदेवी दस्साणी परिवार का मुम्बई स्थित अभिलाषा सोसायटी में नूतन गृह प्रवेश का विधी विधान के साथ एक भव्य समारोह के रुप में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर दस्साणी परिवार को बधाई देने हेतू रिश्तेदार, इष्ट मित्रों के साथ जीतो, भारत जैन महामंड्ल, भारत डायमंड बोर्स, बीकानेर ओसवाल मित्र मंडल, श्री साधुमार्गी जैन संघ सहित अनेक संस्थाओं के सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे।

